तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज अपील जीसीएमएस नम्बर 2025/527 मूर्ति मन्दिर श्री महादेव बनाम भींवाराम व अन्य	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
01.04.2026	पत्रावली अपीलार्थी की ओर श्री नवल किशोर शर्मा एड. ने वकालतनामा मय प्रार्थना पत्र बाबत अपील विड्रो किये जाने एवं प्रार्थना पत्र बाबत मिसल तलबी हेतु प्रस्तुत करने पर आज पेश हुई। शा.फा.हो। वकील अपीलार्थी श्री नवल किशोर शर्मा एडवोकेट ने प्रार्थना पत्र अपील विड्रो करने के तथ्य को दोहराते हुए कथन किया गया कि उपरोक्त उनवानी अपील माननीय न्यायालय में दिनांक 20.05.2026 को नियत है। जिसमें अगली पेशी दिनांक की मुकर्रर की थी। उक्त अपील को अपीलार्थी लोक हित की भावना से आगे नहीं चलाना चाहता है। उक्त अपील को अपीलार्थी विड्रो करना चाहता है। अपीलार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर उक्त अपील को आज तारीख में मिसल तलब किये जाने के आदेश प्रदान करने की कृपा करें। उक्त अपील में अपीलार्थी आगे कोई कार्यवाही नहीं चाहता है। उक्त वाद ग्रस्त सम्पत्ति में आपसी समझाईश से निस्तारण हो चुका है। अपीलार्थी उक्त अपील को विड्रो कर उक्त वाद विवाद को समाप्त करना चाहता है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि अपीलार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर उक्त अपील को विड्रो किये जाने के आदेश प्रदान करने की कृपा करें। हमने अधिवक्ता अपीलार्थी की बहस पर मनन किया तथा पत्रावली का अवलोकन किया जिससे जाहिर होता है कि अपीलार्थी स्वंय ही उक्त अपील में कोई कार्यवाही नहीं करना चाहता हैं। ऐसी स्थिति में अब इस अपील को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता है। वकील अपीलार्थी द्वारा सांवरमल गोस्वामी पुत्र जगदीश के प्रार्थना पत्र को पहचान के रूप में सत्यापित किया गया है। अतः अपीलार्थी का प्रा. पत्र अपील विड्रो किये जाने स्वीकार किया जाता है तथा प्रार्थीया स्वंय अपील विड्रो किये जाने के कारण अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। इस न्यायालय की पत्रावली फैसल शुमार होकर पूर्ति लेख भण्डार हो। (दीप्ति कछवाहा) अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जयपुर अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जयपुर	सांवरमल 8955344162 1/4/026 पहचान कर्ता by [illegible] 1/4/26